(b) if so, whether Government propose to import reasonable amount of the said news-print for experiment?

The Minister of Health (Dr. Sushila Nayar): (a) Yes. The Harvard University is being contacted to obtain details regarding the hormone as well as the results of their experiments.

(b) Does not arise at this stage.

तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र, कोटा

2176. **श्री ओंकार लाल बेरवा** : क्या सिंचाई और विद्युत् मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कोटा (राजस्थान) में तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र बन्द किया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ग) यह कहां ले जाया जा रहा है ; और

(घ) इसके क्या कारण हैं ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्रालय में उपमंत्री (श्री श्यामधर मिश्र) : (क) और (ख). जी, हां । मितव्ययिता लाने के लिये अस्थायी रूप से ऐसा किया गया है ।

(ग) और (घ). : प्रश्न नहीं उठता ।

विदेशी मुद्रा रखने के कारण गिरफ्तारी

2177. **श्री ओंकार लाल बेरवा** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 9 नवम्बर, 1965 के आस-पास तीन व्यक्तियों को विदेशी मुद्रा रखने के कारण दिल्ली में गिरफ्तार किया गया था ; और

(ख) यदि हां, तो प्रत्येक व्यक्ति से कितनी विदेशी मुद्रा पकड़ी गई और उन व्यक्तियों के विवरण क्या हैं ?

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) : (क) और (ख). प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने 4 नवम्बर 1965 को नई दिल्ली के श्री जगदीश मित्तर नाम के व्यक्ति के पास से 300 अमरीकी डालर पकड़े । श्री जगदीश मित्तर तथा दो अन्य व्यक्तियों को जिन पर यह सन्देह था कि उनका इस मामले में हाथ था, गिरफ्तार कर लिया गया था । श्री जगदीश मित्तर के खिलाफ मामले का प्रवर्तन निदेशक ने न्याय निर्णय कर दिया है । गिरफ्तार किये गये बाकी दो व्यक्तियों को बाद में रिहा कर दिया गया ।

राज्यों के विद्युत् मंत्रियों का सम्मेलन

2178. **श्री ओंकार लाल बेरवा** :
श्री वारियर :
श्री वासुदेवन नायर :

क्या सिंचाई और विद्युत् मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में नवम्बर, 1965 में राज्यों के सिंचाई और विद्युत् मंत्रियों की एक बैठक आपातकालीन सिंचाई और विद्युत् योजनाओं पर विचार करने के लिये हुई थी ; और

(ख) यदि हां, तो उस में क्या क्या निर्णय किये गये ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्रालय में उपमंत्री (श्री श्यामधर मिश्र) : (क) और (ख) राज्यों के सिंचाई व बिजली मंत्रियों का एक सम्मेलन 26 और 27 नवम्बर, 1965 को दिल्ली में हुआ था । जिन विषयों पर विचार विमर्श हुआ उन में से कुछ ये हैं : सिंचाई व बिजली की उन परियोजनाओं के कार्यान्वन की गति में तेजी लाने जो कि निर्माण की अग्रिम अवस्था में है ताकि अगले दो से तीन वर्ष के दौरान एसी परियोजनाओं से अधिकतम लाभ उठाया जा सके । द्विविध तथा बहुविध शस्योत्पादन, जहां सम्भव हो, के लिये तथा पम्पों को बिजली देने के लिये ग्राम विद्युत् की गति में तेजी लाने के लिये उच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया ।